संक्षिप्त

खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन

गंगापुर सिटी । शिक्षा के साथ खेल को बढावा देने के उद्देश्य से राजस्थान मदरसा बोर्ड जयपुर में जिले से पंजीकृत/संचालित 162 मदरसों में पहली बार ब्लॉक एवं जिला सारीय खेल प्रतियोगिता मदरसा खेल महोत्सव लहर-2०25 का आयोजन विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं भामाशाह के सहयोग से अल्पसंख्यक मामलात विभाग, सवाई माधोपुर द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में किकेट, कबड्डी, खो-खो, रस्सा-कशी, लम्बी कूद, रस्सी कूद जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन माननीय नगर परिषद अध्यक्ष शिवरतन जी गुप्ता द्वारा किया गया। साथ ही शहर के विभिन्न सामान्य अतिथि गण मंच पर मौजूद रहे। मध्यान्ह में सवाई माधोपुर से माननीय जिला कल्याण अधिकारी मनोज जी शर्मा ने भी शिरकत की और खेलकूद की गतिविधियों का जाएजा लिया। खेल महोत्सव प्रबंधन समिति में नोडल शिक्षा अनुदेशक नईम खान शोएब इकबाल हाशमी सादिक खान हाफिज नसरुद्दीन रियाजुद्दीन खान हैदर खान मिनाज पठान हासिम हप्पू वह अन्य शिक्षा अनुदेशक आदि 3० सदस्य समिति द्वारा प्रतियोगिता का संचालन किया गया।

देवेंद्र गुर्जर ने जीता सिल्वर मेडल

करौली । चेन्नई मे आयोजित राष्ट्रीय स्तर की 23वी नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2025 जो कि जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम मे 17 से 20 फरवरी तक आयोजित हुई जिसमे करौली के निकट राजपुर गॉव निवासी देवेन्द्र गुर्जर ने गोला फेंक प्रतिस्पर्धा मे सिल्वर मेडल प्राप्त करके करौली जिले का नाम रोशन किया। देवेन्द्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता - पिता व अपने कोच जगजीत सिंह और अपने निजी फिजियोथेरेपिस्ट डॉ दिनेश गुर्जर को दिया देवेन्द्र गुर्जर 20 मार्च से शुरु होने वाले खेलो इंडिया पैरा गेम्स मे राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे जो कि नई दिल्ली मे आयोजित होंगे देवेन्द्र के कोच जगजीत सिंह ने बताया कि देवेन्द्र का इन्टरनेशनल गेम्स के लिए ट्रायल होगा इसमे चयन होने पर देवेन्द्र इडिंया टीम का हिस्सा वन सकते है।

जिला कलेक्टर को सौपा चैंक

गंगापुर सिटी । कुनकटा कलां के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल ने जनसहभागिता योजना के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। स्कूल की ओर से कलेक्टर शुभम चौधरी को 75 हजार रुपए का चेक सौंपा गया। स्कूल के प्रिंसिपल ने बताया कि यह राशि कुनकटा कलां स्थित स्कूल में स्टेज के विस्तार और सीमेंट कंक्रीट की छत निर्माण के लिए दी गई है। साथ ही राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल किशन की झोपडी में भी भामाशाहों ने स्कूल की छत और चारदीवारी निर्माण के लिए 15 हजार रुपए का योगदान दिया। कलेक्टर शुभम चौधरी ने भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल से अन्य लोगों को भी सरकारी स्कूलों की मदद के लिए प्रेरणा मिलेगी। कार्यऋम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, डाइट सुनील कुमार वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी हरकेश मीना सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

निशुल्क जांच शिविर आज

गंगापुर सिटी । स्थानीय शास्त्री नर्सिंग होम में शनिवार को निशुल्क चिकित्सीय जांच शिविर का आयोजन किया जायेगा। डा शैल शास्त्री ने बताया कि शिविर में मधुमह, हड्डी व जोड प्रत्यारोपण, मनोरोग एवं मूल एवं गुर्दा रोग की जांच कर निशुल्क चिकित्सीय परामर्श दिया जायेगा। शिविर में ब्लड प्रेशर एवं शुगर व ईसीजी की निशुल्क जांच की जायेगी। डा शैल शास्त्री ने शहर के सभी लोगो से शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की है।

जलग्रहण यात्रा का अभिनन्दन

गंगापुर सिटी । केंद्र के जल संसाधन विभाग और राजस्थान सरकार के जलग्रहण विकास और भू संरक्षण विभाग की संयुक्त पहल पर राज्य स्तरीय जलग्रहण यात्रा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को यह यात्रा गंगापुर सिटी के ग्राम महानंदपुर पहुंची। वाटरशेड योद्धाओं ने जल संरक्षण का संदेश देने के लिए जलग्रहण चेतना रैली और कलश यात्रा निकाली। पंचायत समिति गंगापुर सिटी की प्रधान मंजू गुर्जर और जलग्रहण विकास विभाग के अधीक्षण अभियंता उमेश चंद गुप्ता की उपस्थिति में पौधरोपण और श्रमदान किया गया।

भरतपुर जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का शुभारंभ

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय भरतपुर के तत्वावधान में स्व. सांवल प्रसाद चतुर्वेदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का शुभारंभ अतिरिक्त कलेक्टर शहर राहुल सैनी के आतिथ्य में किया गया।

■ जिला सचिव राजेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा जिला रैली का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है

जिला स्तरीय स्काउट गाइड प्रतियोगिता रैली का शुभारंभ अतिरिक्त कलेक्टर शहर राहुल सैनी के आतिथ्य में किया गया।

जिला सचिव राजेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा जिला रैली का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। उद्घाटन समारोह में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सम्पूर्ण रैली को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट जीवन जीना एक कला है। जिस स्काउट गाइड भावना के साथ आप यहां सभी एकत्रित हुए हैं, उसी स्काउट भावना के साथ आप सम्पूर्ण जीवन को व्यतीत करें। उन्होंने बताया कि जिला रैली का आयोजन 21 से 25 फरवरी तक किया जायेगा। जिसमें जिला भरतपुर व डीग से लगभग सात सौ पचास स्काउट व गाइड भाग ले रहे हैं। पांच दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता रैली में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगीं। कलर पार्टी व मार्च पास्ट, बैंड प्रदर्शन, टेंट पिचिंग, एस्टीमेशन, एथनिक फ़ैशन शो, भाषण, लोकगीत, कैम्प फायर, चित्रकला, रंगोली, व्यायाम प्रदर्शन, फ़ूड प्लाजा, स्किल ओ रामा आदि रहेंगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने कार्यक्रम की सफलता हेतु कामना की तथा जीवन मूल्यों को स्वयं के जीवन में उतारने का मंत्र दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त निदेशक (स्कुल शिक्षा) भरतपुर संभाग भरतपुर विनोद कुमार धवन ने कहा कि स्काउट गाइड गतिविधि शिक्षा का एक अंग है।

वॉकपीठ संगोष्ठी का आयोजन

सूरौठ। दो दिवसीय सत्रांत संस्था प्रधान ब्लॉक स्तरीय बाकपीठ संगोष्ठी का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेड़ी हैवत में आयोजित हुआ ,प्रधानाचार्य देशराज बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिवसीय संस्था प्रधान संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद मीणा व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहन नगर हिंडौन सिटी सीमा जादौन ने की ।

सरपंच प्रतिनिधि भागीरथ भैया, ए सी बी ओ रिद्धि चंद जैन , हरिओम शर्मा, आर पी जयलाल रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित । मुख्य अतिथि मीणा ने संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रधानाचार्य को संबोधित करते हुए कहा विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं को अपडेट कर विभाग की समस्त योजनाओं को समय से पूरा करें एवं आने वाले समय में बोर्ड परीक्षाओं एवं रीट परीक्षा में पूरी सावधानी एवं जिम्मेदारी से कार्य करें इस संगोष्ठी के माध्यम से विद्यालय में आने वाली समस्याओं का निदान भी होगा । अध्यक्षता कर रही सीमा जादौन ने कहा विभाग द्वारा नवाचार के माध्यम से विद्यालय में सुधार होते है ।

बाणगंगा नदी को बिसलपुर से जोड़ने के फैसले का स्वागत

भरतपुर (निस)। राज्य सरकार ने अपने बजट में ईआरसीपी को आगे बढ़ाने के साथ ही सूखी पड़ी बाणगंगा नदी और रुपारेल नदियों को बिशलपुर बाँध से जोड़कर पानी देने के फैसले का भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया ।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद दिया। वर्ष 2007 से पानी के लिये आन्दोलन कर रहे दोनों नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री बनते ही इआरसीपी का समझौता किया और अब बीसलपुर बाँध से बाणगंगा और रुपारेल को जोड़ना उचित निर्णय है, तथा अब पानी मिलने की उम्मीद हो गई है। उन्होंने कहा कि बजट में रामजल सेतू (ईआरसीपी) के लिये कम धनराशी आवंटित कि गई है जिसे और बढ़ाया जाये तथा योजना पर कार्य तीव्र गति से होना चाहिये। क्योंकि यह योजना पहले ही काफी लेट हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हमने ईआरसीपी के अलाबा यमुना के पानी और बाणगंगा तथा रुपारेल के लिये भी हमेशा आवाज उठाई थी। यमुना के पानी का समझौते हुऐ लम्बा वक्त गुजर गया वो पानी भी ओखला बैराज से डीग जिले को द्वितिय चरण का शीघ्र मिलना चाहिये। पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि बाणगंगा नदी से 55 बाँध और रुपारेल से 14 बाँधों में पानी भरता था तथा अन्य नहरो और कैनालों के द्वारा बड़े कृषि क्षेत्र में सिंचाई होती थी। अब इस योजना में भरतपुर और डीग जिलों के सभी प्रमुख बाँधों को जोडना चाहिये। इन नदियों में पानी आने से सिंचाई के पानी का प्रबंध हो सकता है। पानी के मामले में सरकार ने जो फैसला किया है हम उसका स्वागत करते है बशर्ते यह योजना समय पर पूरी हो, और आशा करते है कि मुख्यमंत्रा भजनलाल शर्मा भरतपुर और डीग जिले में बढ़ती बेरोजगारी के लिये यहाँ प्रदूषण रहित उद्योग धन्धे भी लगाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पानी की इतनी बड़ी योजना के लिये बजट में महज 93 सौ करोड़ रुपये काफी कम है इस बजट को और बढ़ाया जाना चाहिये ताकी यह योजना समय पर पूरी हो सके।

पत्नी को मिला दो लाख रुपये का सहारा

भरतपुर (निस)। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित समृद्ध ग्राम्य अभियान सोसाइटी के वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ एक परिवार को मिला। इस योजना के अंतर्गत मात्र 436 रुपये के प्रीमियम पर बीमा कराने वाले रामवीर सिंह की मृत्यु के बाद उनकी पत्नी कृष्णा को दो लाख रुपये की बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। समृद्ध ग्राम्य अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने बताया कि धौलपुर जिले की बाड़ी तहसील के गढ़ी सुक्खा गांव निवासी रामवीर सिंह, जो एक निर्धन परिवार के मुखिया थे, ने जुलाई 2024 में संस्था के ग्राहक सेवा प्रदाता विद्याराम के माध्यम से यह बीमा करवाया था।

दुर्भाग्यवश, अक्टूबर 2024 में उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। घटना के बाद, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक जालिम सिंह मीणा ने 21 फरवरी को कृष्णा को बीमा राशि का दो लाख रुपये का चेक सौंपा। चेक प्राप्त करते ही उनकी आंखों में भावनाओं के आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि इस सहायता से वह अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकेंगी।

'सबसे बड़ा पद वही है जो अपने आप को कार्यकर्ता समझता है'

करौली । करौली में आए भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे बड़ा पद वही होता है जो अपने आप को कार्यकर्ता समझता है।

भाजपा प्रदेश नेतृत्व के द्वारा जारी कि गई जिला अध्यक्षों कि सूची में करौली जिला अध्यक्ष पद पर गोवर्धन सिंह जादौन को नियुक्त किया गया जिन्होंने शुक्रवार को अपनी देवदर्शन यात्रा और कार्यकर्ता सम्मान समारोह कार्यक्रमों में भाग लेते हुए लोगों से आशीर्वाद लिया स्वागत सम्मान कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह ने करौली के भंवर विलास पैलेस में पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी कि उपस्थिति में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन पर्व आते-जाते रहते हैं कार्यकर्ता सबसे बड़ा होता है जो अपने आप को कार्यकर्ता समझता है वही सबसे बड़ा पद है उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष तो बदलते रहते हैं मगर आप संगठन को इस तरह से लेकर चले कि सब कि भावना सबके साथ लेकर चलें संगठन को हम लगातार आगे बढ़ाएंगे हमारा तो यही निवेदन है कि आप सब मिलकर बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक भाजपा संगठन को मजबूती देते हुए आगे बढ़े कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करौली कि पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी ने कहा कि मेरा जिला मेरा परिवार यहां उपस्थित है बच्चा-बच्चा हमसे जुड़ा हुआ है मे आशा करती हूं कि जो हमें 25 साल में तकलीफ हुई उनको हम अब इस 5 साल में दूर करते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने हमने करौली जिले में विकास का एक-एक काम नक्शे के माध्यम से रख दिया है हम करौली मिशन का संकल्प लेकर चल रहे हैं साफ सुथरा करौली, ग्रीन करौली क्लीन करौली अभियान को 15 दिन में शुरू कर रहे हैं जिसके चलते हम गली-गली में उतरेंगे उन्होंने कहा कि गत दिनों आए विधानसभा बजट के दौरान भी हमें बहुत कुछ मिला है चाहे हॉस्पिटल में पलंगो कि बात हो या रेल लाइन संबंधी उन्होंने कहा कि अब महिलाएं भी हमसे जुड रही हैं ।

राजा मानसिंह को याद किया

भरतपुर (निस)। शहीद राजा मानसिंह की पुण्यतिथि मानसिंह सर्किल पर जाट सूरज सेना द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर जाट सूरज सेना के अध्यक्ष अरविन्दपाल सिंह ने कहा कि स्व. राजा मान सिंह कई बार विधायक रहे व जनता में लोकप्रिय रहे। इस अवसर पर जाट सूरज सेना के राष्ट्रीय महामंत्री धीरेन्द्र पाल सिंह बिल्लू ने कहा कि स्व राजा मान सिंह सारा काम अपने हाथ से करते थे, वह उस समय के बहुत बडे इंजीनियर थे व बहुत ही मिलनसार तथा सेवाभावी थे। जाट सूरज सेना उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन करती है व पुष्पांजलि अर्पित करती है। भाजपा नेता गिरधारी तिवारी ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर संजीव सिंह, अनुराग सिंह, हुकम सिंह जगदम्बा, मनोज सिंह, रॉकी सिंह, जगदीप एडवोकेट, मोन्टू केसरिया नगला, आदि मौजूद थे।इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश पहलवान, जिला अध्यक्ष अभिलेख दहवा, सचिन गोपालगढ़, अंकुश कसौदा, अनिल फ़ौजदार, धीरन्द्र पाल सिंह, अरविन्द पाल सिंह, कृष्णवीर फुलवारा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जल का संरक्षण करें : गोवर्धन सिंह जादौन

करौली । राजस्थान राज्य भारत स्काउट ब गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वाधान में जिला स्काउट गाइड भवन में आयोजित किए जा रहे कब बुलबुल उत्सव चतुर्थ चरण हीरक पंख गोल्डन एरो जांच शिविर के उद्घाटन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने कब बुलबुल से कहा कि वह अपने अपने माता-पिता एवं परिजनो का सम्मान करें एवं प्राकृतिक स्त्रोत जल का अधिक से अधिक संरक्षण करें।

■ 17 से 19 फरवरी तक जिला स्तरीय कब बुलबुल उत्सव एवं हीरख पंख व गोल्डन एरो जांच शिविर का झंडा फहराकर उद्घाटन किया

सीओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि 17 से 19 फरवरी तक जिला स्काउट गाइड भवन में जिला स्तरीय कब बुलबुल उत्सव एवं हीरख पंख ब गोल्डन एरो जांच शिविर का झंडा फहराकर उद्घाटन किया इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे अच्छा कार्य कर सकते हैं और उनमें अभी से संस्कार डालना एक अच्छी बात है स्काउट गाइड संगठन इसे बखूबी पूरी कर रहा है उन्होंने नन्हे नन्हे बालक बालिकाओं से कहा कि वह जल का संरक्षण करें जिससे उन्हें जल की कमी महसूस ना हो इस अवसर पर स्काउट गाइड जिला संघ की उपाध्यक्ष इंदु देवी जाटव ने स्काउट गाइड संगठन को संस्कार निर्माण की कार्यशाला बताया उन्होंने आमजन से अपील की कि वह अपने-अपने बालक बालिकाओं को अधिक से अधिक स्काउट गाइड संगठन में भाग लेने का अवसर प्रदान करे जिससे उनका शारीरिक मानसिक बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास हो सके कब बुलबुल उत्सव में शुक्रवार को मेंढक दौड़,जलेबी दौड़,कुर्सी दौड, रुमाल झपट्टा,लेमन दौड़ आदि प्रतियोगिताए आयोजित कि गई जिसमें नन्हे नन्हे कब बुलबुल ने भाग लेकर आनंद का अनुभव किया एवं अधिक से अधिक प्रयास से जीतने का प्रयास किया एवं नियम प्रतिज्ञा,बड़ी सलामी,छोटी सलामी, दिशा ज्ञान का अभ्यास कराया कब बुलबुल उत्सव में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भावली, महात्मा गांधी राष्ट्रीय विद्यालय श्री महावीर जी, मांटेसरी पब्लिक स्कूल करौली, मां जगदंबा माध्यमिक विद्यालय हिंडौन, महात्मा ज्योतिबा फुले स्कूल करौली के 90 कब बुलबुल भाग ले रहे हैं प्रतियोगिताओं के संचालक हीरालाल रावत, सहायक संचालक सुरेश शर्मा, किशन दास, सुनील शर्मा, राधा मोहन गुर्जर आदि थे ।

बिजली उपभोक्ताओं से बकाया राशि वसूली

करौली । करौली विधुत विभाग कि टीम ने सतर्कता दल के साथ सायपुर गॉव मे पहुँचकर लोगो से बकाया रा'ि बसूल करते हुए कई लोगो द्वारा राशि जमा नही कराने पर ट्रांस्फार्मर उतार लिये। जयपुर डिस्कॉम करौली के सहायक अभियंता अ प्रथम रामराज मीणा ने बताया कि अनुराग लाटा पुलिस उप अधीक्षक सतर्कता जेपीडी जयपुर, जे.एल.मीणा अधीक्षण अभियंता करौली के निर्देशन में शुक्रवार को डी.डी. मीणा अधिशासी अभियंता करौली, कदमी मीणा सहायक अभियंता एचटीएम, कनिष्ठ अभियंता पंकज कुमार मीणा मय टीम एसएचओ.।एसएचओ विधुत चोरी पुलिस थाना महेन्द्र प्रताप सिंह धाकड़,थाना सदर की टीम ने विद्युत बिलों की बकाया वसूली हेतू कार्यवाही की। बकाया वसूली अभियान में ग्रामीण क्षेत्र के गाँव सायपुर से सिंगल फेस के 4 ट्रांसफॉर्मर जिन पर 16 लाख 61 हजार रुपये बकाया होने पर 39 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटकर ट्रांसफॉर्मर उठा लिए है थड़केपुरा से 1 कृषि कनेक्शन से बिल कि राशि 1 लाख 21 हजार रूपये मौके पर ही वसूल की है।

शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरु

हिण्डौन सिटी में पुस्तकालय प्रभारी शिक्षकों का दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ।

हिंडौन सिटी । पुस्तकालय प्रभारी शिक्षकों का दो दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जटनगला के मॉडल पुस्तकालय भवन में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद मीणा के मुख्य आतिथ्य में किया गया । कार्यशाला में अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरिओम शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे ।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण द्वारा हुई। अतिथियों का विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय सिंह जाटव ने माल्यार्पण कर स्वागत किया ।प्रशिक्षण में शिक्षकों का लाइब्रेरी से जुड़ाव,लैंडिंग कार्ड के प्रयोग, बुक एडवर्टाइजमेंट, रीड अलाउड, बुक टॉक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में राज्य स्तर से ट्रेनिंग प्राप्त कर जिले में मास्टर ट्रेनर का दायित्व निभाते हुए राम सिंह जाटव वरिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष एवं टाटा ट्रस्ट सी एम एफ के नीरज कुमार, महावीर प्रसाद प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

रेल कर्मचारिओं का विरोध प्रदर्शन

गंगापुर सिटी । ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के आव्हान पर रेल कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय स्तर पर मनाये जा रहे अखिल भारतीय मांग दिवस के अवसर पर गंगापुर सिटी में यूनियन की चारों शाखाओं के संयुक्त तत्वावधान में यूनियन कार्यकर्ताओं एवं रेल कर्मचारीओ ने मुंबई - अमृतसर 12903 स्वर्ण मंदिर मेल पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

सैकडों की संख्या में रेल कर्मचारियों ने यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, हरिप्रसाद मीणा सहायक मंडल मंत्री, श्रीप्रकाश शर्मा, राजू लाल गुर्जर के नेतृत्व में प्लेटफार्म नंबर एक पर स्वर्ण मंदिर मेल के आगमन पर लाल झंडों के साथ में नारेबाजी करते हुए प्लेटफार्म के एक छोर से दूसरी छोर तक रैली निकाली। इस दौरान यूनियन कार्यकर्ता अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते रहे।

सार-समाचार

महाकुंभ के श्रद्धालुओं का स्वागत

महाकुंभ स्नान के लिए जा रहे दिव्यांग जनों का भरतपुर में अभिनन्दन किया।

भरतपुर । जयपुर से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए निकले दिव्यांग जनों का एक विशेष दल, अखिल भारतीय विकलांग परिषद के प्रदेश अध्यक्ष महेश साहू के नेतृत्व मे, जब भरतपुर पहुंचा, तो उन्हें विश्राम की आवश्यकता महसूस हुई। इस दौरान, पूर्व विधायक प्रत्याशी एवं भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष इंजीनियर तपन शर्मा ने उनके ठहरने, भोजन एवं जलपान की समुचित व्यवस्था कराई। सेवा और सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, इंजी. तपन शर्मा ने श्रद्धालुओं के चरण धोकर उनका भावनात्मक स्वागत किया। इस अवसर पर उज्जीति संस्थान की संस्थापक ज्योति जायसवाल ने सभी यात्रियों के माथे पर तिलक कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही आलोक भारद्वाज, मान सिनसिनवार, बबलू शर्मा, विवेक, चंद्रपाल और इंजीनियर तपन शर्मा ने दिव्यांग यात्रियों को माला, पटका एवं फैटा पहनाकर सम्मानित किया। इस दिव्य यात्रा में अखिल राजस्थान विकलांग प्रदेश अध्यक्ष महेश साहू, अखिल भारतीय विकलांग परिषद के प्रदेश अध्यक्ष के प्रतिनिधि मंडल, संजीव गुप्ता, मुकेश सवारिया और अन्य दिव्यांग जनों का 11 सदस्यीय दल शामिल था, जो प्रयागराज महाकुंभ के पवित्र स्नान हेतु रवाना हुआ। इस भावनात्मक समारोह में बृजलता शर्मा ने सभी यात्रियों को एक-एक लिफाफा भेंट कर पुनः प्रयागराज महाकुंभ यात्रा के लिए विदा किया। दिव्यांग जनों ने रातभर भरतपुर में विश्राम किया और सुबह अपने पवित्र स्नान एवं आध्यात्मिक यात्रा के लिए आगे रवाना हुए। इस पुनीत अवसर पर इंजी. तपन शर्मा ने कहा कि अतिथियों का सम्मान करना भरतपुर की प्राचीन परम्परा रही है। प्रत्येक बाहरी आगंतुक का भरतपुर में प्रवेश भरतपुरवासियों के लिए ना केवल एक स्वर्णिम अवसर है बल्कि हमारा परम धर्म है।

कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

करौली । जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि जिले में महाशिवरात्रि का त्योहार 26 फरवरी को मनाया जावेगा, त्योहार के दौरान धार्मिक स्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना के दौरान अधिकाधिक संख्या में लोग एकत्रित होते है। उक्त अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु क्षेत्र में सतर्कता के साथ-साथ सख्त निगरानी आवश्यक है । उन्होंने उक्त त्योहार पर जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने कि दृष्टि से कार्यपालक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने-अपने उपखण्ड क्षेत्रों में कानून व्यवस्था एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करे। इस संबंध में उन्होंने उपखंड मजिस्ट्रेट करौली,उपखण्ड मजिस्ट्रेट सपोटरा,उपखण्ड मजिस्ट्रेट मण्डरायल,उपखण्ड मजिस्ट्रेट नादौती, उपखण्ड मजिस्ट्रेट टोडाभीम को संबंधित कार्यक्षेत्र में कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जिला कलेक्टर ने कहा कि सम्बन्धित तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र के उपखण्ड मजिस्ट्रेट के निर्देशन में कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं समस्त तहसीलदार व समस्त नायब तहसीलदार अधोहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेगें।

फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण

धौलपुर । कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की एग्री स्टैक परियोजना के तहत हर किसान की डिजिटल आईडी बनाने हेतु जिले की सभी तहसीलों में शिविरों का संचालन किया जा रहा है। शुक्रवार को जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने धौलपुर तहसील की ग्राम पंचायत नकटपुरा, सैंपऊ तहसील की ग्राम पंचायत कौलारी, मनिया तहसील की ग्राम पंचायत दयेरी में एग्री स्टैक योजना के तहत आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने मनिया और हिनौता चौकी में शिविरों के अतिरिक्त फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण कार्य का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने शिविरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को द्रुत गति से पंजीकरण कर सभी पात्र किसानों को लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए अधिकारियों को शिविरों की व्यवस्थाएं ओर अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविर पंजीकरण कार्य तीव्रता से कर धौलपुर को पंजीकरण की दृष्टि से शीर्ष पायदान पर ले जाने हेतु निर्देशित किया।

राशन डीलरों ने की मंत्री से भेंट

गंगापुर सिटी । जयपुर में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा से प्रदेश राशन डीलर एसोसिएशन की अहम मुलाकात हुई। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हेमराज मीणा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मंत्री को गुलदस्ता भेंट किया। कार्यकारिणी सदस्य करण सिंह लोधा ने बताया कि बजट में राशन डीलरों के कमीशन में 1० प्रतिशत की वृद्धि के लिए मंत्री और राजस्थान सरकार का आभार जताया है। मंत्री गोदारा ने कहा कि गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा से अपात्र लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं। इससे पात्र लोगों को योजना का अधिक लाभ मिल सकेगा। राशन डीलरों को आर्थिक मजबूती देने के लिए 5 हजार नई अन्नपूर्णा दुकानें खोली जाएंगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार समय-समय पर राशन डीलरों के हित में आर्थिक सहायता देती रहेगी। इस मौके पर मंत्री ने पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर को सवाई माधोपुर जिले का भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई भी दी।

विद्यालयों में की जांच

भुसावर (निस)। गांव बारौली और सुहारी में संचालित राजकीय विद्यालयों में राष्ट्रीय अन्धता निवारण कार्यक्रम के अर्न्तगत विद्यार्थियों की आँखों की निःशुल्क जाँच की गई। वहीं कमजोर दृष्टि वाले सभी विधार्थियों को निःशुल्क चश्मे भी वितरित किये गये। मैडीकल टीम के डॉ संजय अठावाल ने बताया कि टीम की डॉ जया अठावाल, पूजा सिंह, गुस्कान, तनीशा, प्रियन, विशिवानी, सुमन, रिंकू, ज्योति, सिमर, शशि और जितेंन्द्र ने शामिल होकर अपनी सेवायें दी। उन्होंने बताया कि मैडीकल टीम ने सभी बच्चों की आँखों की निःशुल्क जाँच कर जिन विद्यार्थियों को चश्मे की आवश्यकता थी, उन्हें निःशुल्क चश्मे वितरित किए गये।

आज तीन घंटे रहेगा दौलतपुर फीडर पर विद्युत कट

गंगापुर सिटी । गंगापुर सिटी के 22० केवी जीएसएस दौलतपुर पर आवश्यक रख-रखाव कार्य किया जाएगा। इस दौरान 22 फरवरी को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इससे 1० हजार से अधिक उपभोक्ता प्रभावित होंगे। अधिशासी अभियंता रूपसिंह गुर्जर ने जानकारी दी कि मरम्मत कार्य के दौरान 22० केवी जीएसएस से निकलने वाली सभी 33 केवी फीडर बंद रहेंगी। इससे छोटी उदेई, बडी उदेई, टोकसी, अलीगंज और गांवडी कला क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। बिजली कटौती से इन क्षेत्रों के 1० हजार से अधिक उपभोक्ता प्रभावित होंगे। यह कटौती आवश्यक रख-रखाव कार्य के लिए की जा रही है।

ग्रामीणो ने किया कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर प्रर्दान

करौली, (निं.सं.) करौली के हिंडौन तहसील कि ग्राम पंचायत कोटरी के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया।उन्होंने गांव में स्थित शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास स्थित है। इसके निकट ही देवी का मंदिर और ईमित्र की दुकान भी है। शराब की दुकान पर आने वाले असामाजिक तत्व यहां आने वाली